


सेल SAIL

# इस्पात मंत्रालय एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (2020–21)

# समझौता ज्ञापन
# (एमओयू)

**2020-21**

## इस्पात मंत्रालय
## और
## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

# विषय-सूची


| **क्रम सं.** | **शीर्षक** | **पृष्ठ संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | सेल के बारे में संक्षिप्त विवरण | 1-3 |
| 2 | 2020-21 के लिए एमओयू के मानदंड और लक्ष्य | 4-6 |
| 3 | प्रवृत्ति विश्लेषण | 7-11 |

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
# के बारे में संक्षिप्त विवरण

1. **प्रस्तावना :-** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन महारत्न सीपीएसई है। इसे इस्पात एवं इससे संबंधित उत्पादों के विनिर्माण एवं विपणन के लिए 1973 में निगमित किया गया था। सेल और इसकी पूर्ववर्ती कंपनी हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड ने उत्पादन प्रचालन के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

2. सेल भारत में इस्पात बनाने वाली एक अग्रणी कंपनी है। 1973 से 1978 तक, कई इस्पात और मिश्र धातु निर्माण कंपनियों और लौह अयस्क खानों का विलय करके इन्हें सेल के प्रचालनों में मिला दिया गया था। वर्तमान में, सेल के पास पांच एकीकृत इस्पात संयंत्र, तीन अलॉय एवं विशेष इस्पात संयंत्र, एक फैरो अलॉय संयंत्र, रिफ्रैक्टरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं एवं यह सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) के लिए धारक कंपनी भी है।

3. **सेल का कारोबार क्षेत्र:-** सेल एक पूरी तरह से एकीकृत लौह और इस्पात उत्पादक है, जो सभी प्रमुख गुणवत्ताओं और ग्रेडों के लौह और इस्पात उत्पादों के विनिर्माण, विकास और विपणन में कार्यरत है। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए इंजीनियरिंग, निर्माण, बिजली, रेलवे, मोटर वाहन और रक्षा क्षेत्र के लिए बुनियादी और विशिष्ट इस्पात की व्यापक श्रृंखला का उत्पादन करता है। सेल भिलाई, दुर्गापुर, राउरकेला, बोकारो और बर्नपुर में स्थित पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं सलेम, दुर्गापुर और भद्रावती में स्थित तीन विशेष इस्पात संयंत्रों में फ्लैट्स (हॉट एंड कोल्ड रोल्ड कॉइल एंड शीट, प्लेट्स, गैल्वेनाइज्ड शीट, पाइप्स आदि) और लॉन्ग्स (रेल, स्ट्रक्चरल, बार और रॉड्स आदि) जैसे उत्पाद बनाता है। सेल अपने अधिकांश उत्पादों का विपणन एवं बिक्री अपने केंद्रीय विपणन संगठन (सीएमओ) के माध्यम से और अन्य देशों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग के माध्यम से करता है। कच्ची सामग्री प्रभाग सेल की प्रमुख कैप्टिव खानों और खदानों के प्रचालनों का प्रबंधन करता है। लौह अयस्क और फ्लक्स की कैप्टिव खानें सेल की लौह अयस्क की पूर्ण आवश्यकता और फ्लक्स आवश्यकता के बड़े हिस्से को पूरा करती हैं। सेल की बिजली आवश्यकता के लगभग 70% की पूर्ति सेल तथा इसकी संयुक्त उद्यम कंपनियों के स्वामित्व वाले कैप्टिव विद्युत संयंत्रों से की जाती है।

4. **कारोबार की परिस्थितियाँ:-** जब से 1992 में स्टील की कीमतों पर नियंत्रण हटा है, सेल पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रचालन कर रहा है, जिसमें इस्पात और महत्वपूर्ण कच्चे माल की कीमतें वैश्विक बाजार में मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती हैं।

   उदार आयातों के साथ घरेलू बाजार में इस्पात की कीमतें वैश्विक बाज़ारों में प्रचलित कीमतों के आधार पर प्रबंधित होती हैं। इस्पात (हॉट रोल्ड कॉइल्स 2.0 एमएम मोटी एफओबी चाइनीज बन्दरगाह) की बेंचमार्क कीमत में अंतर आया है और यह अप्रैल, 2019 में 528 अमेरिकी डॉलर/टन से नवंबर, 2019 में 408 अमेरिकी डॉलर/टन हो गई। इसके कारण घरेलू बाजार में भी कीमतों में गिरावट आई।

इनपुट के मामले में भी कोकिंग कोयले और लौह अयस्क जैसे प्रमुख इनपुट्स की कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव आता है। सेल की लौह अयस्क की 100% आवश्यकता कैप्टिव खानों से पूरी होने के कारण यह लौह अयस्क की कीमतों में उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होता परंतु कोकिंग कोयले की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस्पात के उत्पादन हेतु ब्लास्ट फर्नेस पद्धति का प्रयोग करने वाले इस्पात उत्पादकों की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करता है।

विश्व इस्पात संघ द्वारा रिपोर्ट किए गए अनुसार वर्ष 2019 के दौरान वैश्विक इस्पात उत्पादन 3.4% तक की वृद्धि के साथ लगभग 1869.9 मिलियन टन तक पहुँच गया। एशिया और मध्य पूर्व को छोड़ कर सभी क्षेत्रों में 2019 में कच्चे इस्पात के उत्पादन में गिरावट आई। एशिया में 2019 में 1341.6 एमटी कच्चे इस्पात का उत्पादन किया गया, जो 2018 की तुलना में 5.7% अधिक था। 2019 में चीन का कच्चे इस्पात का उत्पादन 996.3 एमटी तक पहुँच गया जो 2018 की तुलना में 8.3% अधिक था। वैश्विक कच्चे इस्पात के उत्पादन में चीन का हिस्सा 2018 में 50.9% से बढ़ कर 2019 में 53.3% हो गया। विश्व इस्पात उद्योग का क्षमता उपयोग लगभग 73% पर नीचे बना हुआ है जो अधिक क्षमता को दर्शाता है। अधिक क्षमता और विभिन्न देशों द्वारा व्यापार प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप कीमतों में गिरावट आई और जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है **वैश्विक बाजार में इस्पात की कीमतें अक्तूबर, 2018 में 635 अमेरिकी डॉलर/टन से घट कर नवंबर, 2019 में 408 अमेरिकी डॉलर/टन हो गई।**

दिसंबर, 2019 में विश्व इस्पात संघ ने यह पूर्वानुमान किया था कि इस्पात की वैश्विक माँग में और 1.7% की वृद्धि होगी और यह 1805.7 एमटी तक पहुँच जाएगी। चीन में इस्पात की माँग में 1.0% की वृद्धि होने का अनुमान था, जबकि शेष विश्व में चीन को छोड़ कर उभरती हुई तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 4.1% की वृद्धि के कारण इस्पात की माँग में 2.5% की वृद्धि होने का अनुमान था।

**कोविड-19 के फैलने के बाद व्यवसाय का दृष्टिकोण:** - हालांकि कोविड-19 के फैलने और विश्व की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा किए गए लॉकडाउन्स के बाद विश्व इस्पात संघ द्वारा उपर्युक्त पूर्वानुमानों को संशोधित कर दिया गया है। विश्व इस्पात संघ द्वारा जारी किए गए नवीनतम लघु अवधि दृष्टिकोण के अनुसार वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर इस्पात की माँग में 6.4% की गिरावट आने की संभावना है। विश्व इस्पात संघ का अनुमान है कि चीन को छोड़ कर, जहाँ नए अनुमानों के अनुसार इस्पात की माँग में 1% की वृद्धि होगी, विश्व के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर इस्पात की माँग में गिरावट आएगी। विश्व इस्पात संघ ने अनुमान लगाया है कि उत्तरी अमेरिका (यूएसए और नाफ्टा देशों) में इस्पात की माँग में 20% की गिरावट, यूरोपीय संघ में 15.8%, सीआईएस देशों में 10%, दक्षिणी अमेरिका में 17%, अफ्रीका में 9% और मध्य पूर्व में 15% की गिरावट आएगी। वर्ष 2021 में वैश्विक स्तर पर इस्पात की माँग में 3.8% की वृद्धि के साथ बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

चूंकि भारत ने पूरे विश्व का एक सख्त राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू किया है, जिसके कारण औद्योगिक प्रचालन पूरी तरह से रुक गया । मार्च के अंत में निर्माण गतिविधियां पूरी तरह

से रोक दी गईं, और श्रमिकों की धीमी वापसी के कारण रिकवरी के धीमा रहने की संभावना है। आपूर्ति चेन के बाधित होने और माँग की धीमी रिकवरी के कारण ऑटोमोटिव क्षेत्र को बड़ा नुकसान होगा। कमजोर निजी निवेश और आपूर्ति चेन बाधित होने के साथ मशीनरी क्षेत्र में निरंतर गिरावट आएगी।

सीपीएलवाई की तुलना में अप्रैल-जून, 2020 में भारत की जीडीपी में 23.9% की गिरावट आई है और अप्रैल-जुलाई, 2020 में सभी प्रमुख क्षेत्र के उद्योगों (उर्वरक को छोड़ कर) के परिणाम में नकारात्मक वृद्धि रिकॉर्ड की गई है। समग्र सूचकांक में 20.5% तक की गिरावट आई है।

सरकार के प्रोत्साहन से रेलवे जैसे अवसंरचना निवेश द्वारा निर्माण क्षेत्र में रिकवरी की अगुवाई की जाएगी। ग्रामीण आय में सरकार के सहयोग और आगामी त्योहारों के मौसम में उपभोग में अनुमानित वृद्धि से दूसरी छमाही में उपभोग-प्रेरित विनिर्माण वस्तुओं की माँग में उल्लेखनीय रिकवरी होगी। परिणामस्वरूप भारत में वर्ष 2020 में इस्पात की माँग में 18.0% की गिरावट आने की संभावना है जो 2021 में वापस 15.0% तक बढ़ेगी।

भारत में अप्रैल-सितंबर, 2019 के दौरान इस्पात के घरेलू उत्पादन में लगभग 3% की वृद्धि देखी गई है, तथापि इस अवधि के दौरान इस्पात के आयात में लगभग 6.5% की गिरावट आने के कारण भारत में 2019-20 की पहली छमाही में इस्पात की समग्र माँग में गिरावट देखी गई है। भारत में इस्पात की कीमतें लगातार कम बनी रहीं। वर्तमान में भारत में एचआर कोइल की घरेलू कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार की तुलना में लगभग 6% की छूट पर हैं। शून्य शुल्क एफटीए देशों से आयात में वृद्धि भारत में इस्पात की अत्यधिक कम कीमतों का प्रमुख कारण है।अप्रैल-अगस्त, 2019 के दौरान इन आयातों में लगभग 65% की वृद्धि हुई है।

5. आज की स्थिति के अनुसार सेल की पांच सहायक कंपनियां हैं। इनमें से तीन बंद किए जाने की प्रक्रिया में हैं और केवल एक प्रचालन में है। अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) ने इन सहायक कंपनियों को 2019-20 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट देने की सिफारिश की थी और सेल के एमओयू में सहायक कंपनियों के लाभों से संबंधित लक्ष्य शामिल किए हैं। वर्ष 2020-21 के लिए भी ऐसी ही छूट का अनुरोध किया गया है।

6. **पिछले पांच वर्षों में सेल का स्कोर और एमओयू रेटिंग निम्नानुसार है:**

| वर्ष | स्कोर | रेटिंग |
|---|---|---|
| 2013-14 | 1.483 | उत्कृष्ट |
| 2014-15 | 1.562 | बहुत अच्छा |
| 2015-16 | 79.6* | बहुत अच्छा |
| 2016-17 | 71.03* | बहुत अच्छा |
| 2017-18 | 79.42* | बहुत अच्छा |
| 2018-19 | 91.42 | उत्कृष्ट |

* स्कोरिंग पैटर्न अलग था।

# समझौता ज्ञापन के मानदंड और लक्ष्य

| क्र. सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2019-20 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ | 2020-21 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| i | कारोबार - प्रचालनों से राजस्व (निवल) | रुपये करोड़ में | 10 | 61661 | 66967 | 66967 | 61661 | 56442 | 52475 | 48539 | - |
| ii | प्रचालनों से राजस्व के प्रतिशत के रूप में प्रचालनात्मक लाभ /अधिशेष (निवल) | % | 20 | 4.80 | 4.77 | 5.30 | 4.80 | 3.30 | 2.20 | 1.10 | - |
| iii | औसत निवल मूल्य के प्रतिशत के रूप में कर पश्चात लाभ (पीएटी) | % | 20 | 5.30 | 5.91 | 6.00 | 5.30 | 3.70 | 2.70 | 1.70 | - |
| iv | बिक्री योग्य लौह एवं इस्पात का उत्पादन | 000' टन | 8 | 15717 | 15549 | 16256 | 15717 | 14500 | 13500 | 12500 | - |
| v | रेल का उत्पादन (यूटीएस90)* | 000' टन | 2 | 1285 | 985 | 1285 | 1200 | 1100 | 1000 | 900 | - |
| vi | पिछले वर्ष की तुलना में कोक दर में कमी | % | 2 | 457 किग्रा/टीएचएम | 453 किग्रा/टीएचएम | 2.1 | 1.5 | 1.3 | 0.9 | 0.4 | - |
| vii | 4000 करोड़ रुपये के कैपेक्स लक्ष्य को प्राप्त करना (जेवी में निवेश को छोड़ कर) | % | 15 | - | - | 120 | 100 | 90 | 85 | 80 | - |

| क्र. सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2019-20 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ | 2020-21 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| viii | वर्ष के दौरान चल रहे/पूरे किए गए कैपेक्स करारों के कुल मूल्य में समय/लागत में वृद्धि के बिना वर्ष के दौरान चल रहे/पूरे किए गए कैपेक्स करारों/परियोजनाओं के मूल्य का प्रतिशत | % | 3 | 89.3 | 93 | 100 | 95 | 90 | 85 | 80 | - |
| ix | प्रचालनों से राजस्व (निवल) की तुलना में तैयार सामानों की सूची के दिनों की संख्या और जारी कार्य | दिनों की संख्या | 3 | 73 | 48 | 48 | 60 | 65 | 70 | 75 | - |
| x | प्रचालनों से राजस्व (सकाल) के दिनों की संख्या के रूप में व्यापार प्राप्तियाँ(निवल) | दिनों की संख्या | 3 | 45** | 21 | 21 | 24 | 30 | 35 | 40 | - |
| xi | समग्र ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किए गए कंपनी के विरुद्ध दावों में कमी | % | 3 | - | - | 20 | 18 | 16 | 14 | 12 | - |
| xii | पिछले वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान वस्तुओं तथा सेवाओं की कुल खरीद में जीईएम पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का प्रतिशत | % | 5 | - | - | 25 | 20 | 15 | 10 | 5 | |
| xiii | ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता | टन/घन मीटर/दिन | 2 | 1.80 | 1.70 | 1.90 | 1.80 | 1.70 | 1.65 | 1.60 | |

| क्र. सं. | मानदंड | यूनिट | अंक | 2019-20 (अनुमानित) | 5 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ | 2020-21 के लिए समझौता ज्ञापन के लक्ष्य | | | | | सुधार* (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | संतोषजनक | खराब | |
| | | | | | | 100% | 80% | 60% | 40% | 20% | |
| xiv | इन्टरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड की बेंगा खान में बिक्री योग्य कोयले का उत्पादन | मिलियन टन | 2 | 1.78 | 1.018 | 1.90 | 1.78 | 1.60 | 1.51 | 1.42 | |
| xv | खुले बाजार में लौह अयस्क की बिक्री | मिलियन टन | 2 | - | - | 20 | 15 | 10 | 5 | 2 | |

* लक्ष्य भारतीय रेलवे से अनुरूप आदेश प्राप्त करने के अधीन हैं।

** 31.3.2020 को व्यापार प्राप्य के रूप में भारतीय रेलवे से 6120 करोड़ रुपये प्राप्य हैं, जो सेल के 31.2 दिन का परिचालन से राजस्व (सकल) है। व्यापार के प्राप्य लिए लक्ष्य भारतीय रेलवे से व्यापार प्राप्य में कमी के अधीन हैं।

1 वर्ष के लिए उपलब्धियों का निर्धारण करने में समझौता ज्ञापन के दिशानिर्देशों में निर्धारित नकारात्मक अंकों के अतिरिक्त राजस्व/लाभ/अधिशेष को अधिक बताने या हानि/कमी को कम बताने के मामले में सीएजी/सांविधिक लेखापरीक्षकों की मात्रात्मक योग्यताएँ समायोजित की जाएंगी।

2 समझौता ज्ञापन के दिशानिर्देशों के अनुसार आधार वर्ष (2019-20) में अनुमानित प्रदर्शन की तुलना में वास्तविक प्रदर्शन बेहतर होने की स्थिति में लक्ष्यों में समायोजन किया जाएगा।

3 इस बात पर सहमति बनी कि समझौता ज्ञापन में निर्धारित लक्ष्य बिना शर्त के हैं और किसी भी आधार पर किसी ऑफसेट की अनुमति नहीं दी जाएगी। आगे का मूल्यांकन समझौता ज्ञापन के दिशानिर्देशों में निर्धारित अतिरिक्त पात्रता मानदंडों के अनुपालन के शर्ताधीन होगा।

(अनिल कुमार चौधरी)
अध्यक्ष, सेल

प्रदीप त्रिपाठी
(पी. के. त्रिपाठी)
सचिव, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय

## प्रवृत्ति विश्लेषण

| क्र. सं. | वित्तीय निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | अप्रैल-सितंबर | वास्तविक |
| 1 | प्रचालनों से राजस्व - सकल | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 51148.96 | 43875.17 | 49767.10 | 66827.06 | 77645.32 | 33535.54 | 71590 |
| | प्रचालनों से राजस्व - निवल | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 45730.36 | 39051.88 | 44452.41 | 57558.46 | 66967.31 | 28947.45 | 61660.55 |
| | | | एमओयू | * | * | 41224.00 | 47526.00 | 59359.00 | | 75000 |
| 2 | क. कर पूर्व लाभ | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 2358.91 | -7007.50 | -4850.86 | -758.94 | 3337.89 | -419.10 | 3171 |
| | ख. अन्य आय | | वास्तविक | 1001.19 | 594.67 | 535.61 | 484.45 | 532.82 | 341.58 | 985 |
| | ग. असाधारण एवं अपवादात्मक मदें | | वास्तविक | 0.00 | 0.00 | -216.74 | 26.43 | -389.40 | 0.00 | -772 |
| | घ. पूर्व अवधि मदें | | वास्तविक | -88.23 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 |
| | ड. प्रचालनात्मक लाभ/हानि(क-ख+/-ग+/-घ) | | वास्तविक | 1445.95 | -7602.17 | -5169.73 | -1269.82 | 3194.47 | -760.68 | 2957 |
| 3 | क. पीएटी | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 2092.68 | -4021.44 | -2833.24 | -481.71 | 2178.82 | -274.00 | 2022 |
| | ख. वर्ष की समाप्ति पर निवल मूल्य | | वास्तविक | 43504.78 | 39290.99 | 36362.66 | 35527.35 | 37892.49 | 37599.96 | 39893 |
| | ग. औसत निवल मूल्य | | वास्तविक | 43085.56 | 41397.88 | 37826.83 | 35945.01 | 36709.92 | 37746.23 | 38893 |
| | घ. पीएटी/औसत निवल मूल्य | % | वास्तविक | 4.86 | -9.71 | -7.49 | -1.34 | 5.94 | -0.73 | 5.20 |
| | | | एमओयू | * | * | * | * | * | | 7.5 |
| | ड. प्रदत्त शेयर पूंजी | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 | 4130.53 |
| | च. भारत सरकार का हिस्सा | % | वास्तविक | 75% | 75% | 75% | 75% | 75% | 75% | 75% |
| | छ. रिजर्व और अधिशेष (डीआरआई का निवल) | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 39374.00 | 35065.00 | 31878.53 | 31583.14 | 34021.04 | 33474.46 | 35646.85 |
| 4 | कुल व्यय (उत्पाद शुल्क को छोड़ कर) | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 44284.41 | 46654.05 | 49622.14 | 58828.28 | 63772.84 | 29708.13 | 58703 |
| 5 | कुल आय (उत्पाद शुल्क को घटा कर) | | वास्तविक | 46731.55 | 39646.55 | 44988.02 | 58042.91 | 67500.13 | 29289.03 | 62646 |

## प्रवृत्ति विश्लेषण

| क्र. सं. | वित्तीय निष्पादन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | अप्रैल-सितंबर | वास्तविक |
| 6 | कुल व्यय/कुल आय | % | वास्तविक | 94.76 | 117.67 | 110.30 | 101.35 | 94.48 | 101.43 | 93.71 |
| 7 | अन्य आय का ब्यौरा | | | | | | | | | |
| | क. ब्याज | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 475.10 | 345.02 | 147.29 | 166.09 | 192.98 | 106.92 | 237 |
| | ख. लाभांश | | वास्तविक | 103.00 | 70.85 | 91.93 | 76.16 | 44.44 | 13.37 | 87 |
| | ग. अन्य आय | | वास्तविक | 423.09 | 178.80 | 296.39 | 242.20 | 295.40 | 221.29 | 661 |
| | घ. कुल | | वास्तविक | 1001.19 | 594.67 | 535.61 | 484.45 | 532.82 | 341.58 | 985 |
| 8 | क. नकद एवं बैंक जमा और उसके समतुल्य | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 2305.24 | 297.96 | 289.09 | 254.06 | 219.42 | 443.68 | 363.25 |
| | ख. म्यूचुअल फंड में निवेश | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | ग. सहायक कंपनियों/संयुक्त | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 68.47 | 68.90 | 71.91 | 80.71 | 138.68 | 145.03 | 136.77 |
| | घ. कुल (क+ख+ग) | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 2373.71 | 366.86 | 361.00 | 334.77 | 358.10 | 588.71 | 499.62 |
| | ड. नकद क्रेडिट/ओवर-ड्राफ्ट ऋण/ अल्पावधि ऋण | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 14195.16 | 15530.31 | 20181.00 | 12205.00 | 10631.22 | 17467.29 | 16519 |
| | च. चालू खाते में शेष जमा | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 1.87 | 2.21 | 10.76 | 1.81 | 2.58 | 4.14 | 152.91 |
| 9 | लाभांश कर को छोड़ कर वर्ष के लिए प्रदत्त/घोषित लाभांश | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 826.10 | शून्य | शून्य | शून्य | 206.52 | शून्य | शून्य |

टिप्पणी: पिछले पाँच वर्षों (लेखापरीक्षित) और चालू वर्ष के वास्तविक आंकड़ों के लिए प्रवृत्ति दर्शाई गई है।

दिया गया समझौता ज्ञापन का लक्ष्य बहुत अच्छे स्तर (एल-2) के लिए है।

• वर्ष के दौरान समझौता ज्ञापन का एक मानदंड नहीं था

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| प्रदर्शन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 अप्रैल-सितंबर | 2019-20 वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्येक उत्पाद के संबंध में संस्थापित क्षमता (बिक्री योग्य इस्पात) | मिलियन टन | वास्तविक | 11.07 | 14.86 | 15.07 | 17.87 | 18.54 | 9.32 | 18.64 |
| प्रत्येक उत्पाद के लिए क्षमता का उपयोग (बिक्री योग्य इस्पात) | % | वास्तविक | 116% | 83% | 92% | 79% | 83% | 87% | 84% |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | * | * |
| बिक्री में प्रत्येक उत्पाद का योगदान | % | योगदान में उत्पाद, आकार, रासायनिक गुण, यांत्रिक गुणधर्म, उत्पादित इस्पात के आकार और बाजार स्थल (निर्यात बनाम घरेलू) के अनुसार अत्यधिक अंतर आता है। | | | | | | | |
| प्रचालनों में राजस्व (निवल) के प्रतिशत के रूप में निर्यात | % | वास्तविक | 3.49 | 1.45 | 4.06 | 4.04 | 4.44 | 5.67 | 6.07 |
| | | एमओयू | * | * | * | 4.5% | 3.8% | * | |
| कोक की दर | किग्रा/टीएचएम | वास्तविक | 504 | 489 | 473 | 456 | 453 | 466 | 457 |
| | | पिछले वर्ष की तुलना में कमी | 1.75% | 2.98% | 3.27% | 3.59% | 0.66% | -2.19% | -0.88% |
| | | एमओयू | * | 512 | पिछले वर्ष की तुलना में 1% की कमी | पिछले वर्ष की तुलना में 1% की कमी | पिछले वर्ष की तुलना में 0.75% की कमी (एल-2) | पिछले वर्ष की तुलना में 2.5% की कमी (एल-2) | |
| आरएंडडी, नवाचार, प्रौद्योगिकी उन्नयन मानदंड | | वास्तविक | इन वर्षों के दौरान लिए गए आरएंडडी मानदंडों में आरएंडडी व्यय, आरएंडडी परियोजनाओं की संख्या, विकसित किए गए नए उत्पादों की संख्या, दायर किए गए पेटेंट आदि शामिल हैं। | | एमओयू में आरएंडडी मानदंड नहीं | | 3% | एमओयू में आरएंडडी मानदंड नहीं | |
| | | एमओयू | | | | | आरएसपी के एसएमएस-2 के कास्टर-3 से उत्पादित स्लैब में लंबवत मिडफेस क्रेकों में कमी (एलL-2 लक्ष्य 2.5%) | | |

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| प्रदर्शन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 अप्रैल-सितंबर | 2019-20 वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैपेक्स (संयुक्त उद्यमों में निवेश को छोड़ कर) | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 6443 | 5830 | 4878 | 5090 | 4271 | 2033 | 4246 |
| | | एमओयू | 8000 | 6500 | 3500 | 3400 | 3500 | 1895 | 3790 |
| कैपेक्स के कुल मूल्य में अधिक समय/लागत के बिना चल रही/पूरी की गई कैपेक्स परियोजनाएं | % | वास्तविक | 93.2 | # | 89 | 19 | 81.44 | 83 | 89.3 |
| | | एमओयू | # | | 90 | 90 | 95 | 95 | 95 |
| तैयार उत्पादों की मालसूची और जारी कार्य | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 10615 | 9941 | 9807 | 7644 | 10360 | 12773 | 11391 |
| तैयार उत्पादों की मालसूची और प्रचालनों से राजस्व (निवल) की तुलना में जारी कार्य | दिनों की संख्या | वास्तविक | 85 | 93 | 81 | 48 | 56 | 81 | 67 |
| | | एमओयू | # | | | 84 | 70 | 51 | 51 |
| व्यापार प्राप्तियाँ | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 3586 | 3143 | 2922 | 3870 | 4495 | 4388 | 8812 |
| प्रचालनों से राजस्व (सकल) के दिनों की संख्या के रूप में व्यापार प्राप्तियाँ (निवल) | दिन | वास्तविक | 26 | 26 | 21 | 21 | 21 | 24 | 45 |
| | | एमओयू | * | * | # | 24 | 26 | * | |
| ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किए गए कंपनी के विरुद्ध दावे :- | रुपये करोड़ में | वास्तविक | 23902 | 32509 | 36905 | 26917 | 28278 | 29837 | 35297 |
| वर्ष का प्रारंभिक शेष | | एमओयू | * | * | * | पिछले वर्ष की तुलना में 4% की कमी | प्रारंभिक शेष में 3.5% की कमी | प्रारंभिक शेष में 12% की कमी | |
| सयुक्त उद्यमो और सहायक कपनियो (आईसीवीएल को छोड़ कर) में निवेश पर आय (लाभ/हानि का हिस्सा) | % | वास्तविक | 17.80 | 17.95 | 29.97 | 26.69 | 31.41 | ** | 29.53 |
| | | एमओयू | * | | # | # | 23.00 | ** | 25.00 |

# प्रवृत्ति विश्लेषण

| प्रदर्शन मानदंड | यूनिट | लक्ष्य बनाम वास्तविक | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अप्रैल-सितंबर | वित्तीय वर्ष |
| ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता | टन/घन मीटर/दिन | वास्तविक | 1.56 | 1.58 | 1.67 | 1.70 | 1.65 | 1.69 | 1.80 |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | पिछले वर्ष की तुलना में 11.5% का सुधार | |
| इन्टरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड की बेंगा खान में बिक्री योग्य कोयले का उत्पादन | मिलियन टन | वास्तविक | 0.47 | 1.02 | 0.03 | 0.10 | 1.32 | 0.97 | 1.77 |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | 0.80 | 1.60 |
| भारतीय रेल के लिए प्रमुख रेलों का उत्पादन | 000 टन | वास्तविक | 594.93 | 667.28 | 649.30 | 902.74 | 985.02 | 589.39 | 1285 |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | 625.00 | 1250 |
| खुले बाजार में लौह अयस्क की बिक्री | मिलियन टन | वास्तविक | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 0.17 |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | * | * |
| जीईएम पोर्टल से खरीद | % | वास्तविक | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 0.30 | 0.58 |
| | | एमओयू | * | * | * | * | * | * | * |

* वर्ष के दौरान एमओयू का मानदंड नहीं था।

** सेल के सभी संयुक्त उद्यम तिमाही/छमाही लेखे प्रकाशित नहीं करते।

# वर्तमान स्वरूप में एमओयू का मानदंड नहीं था।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड के लाभ में आईएनडी एएस लेखांकन में परिवर्तन, प्रशुल्क में संशोधन संबंधी सीईएआरसी के आदेश, एमएटी क्रेडिट वापसी और दादरा एवं नगर हवेली (डीएनएच) को आवंटित विद्युत के अनुपयुक्त हिस्से के व्यापार की वजह से बढ़े हुए लाभ के कारण लगभग 140 करोड़ रुपये तक का असामान्य लाभ और आईएनडी एएस लेखांकन में परिवर्तन के कारण बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये शामिल हैं। आगामी वर्षों के दौरान इनकी अपेक्षा नहीं है।









स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

**STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED**

*www.sail.co.in*